**बृजमोहन अग्रवाल**
सांसद,
रायपुर लोकसभा क्षेत्र
एवं पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

सत्यमेव जयते

निवास : बी-5/1, शंकर नगर, रायपुर
फोन नं. : 0771-2331070, 2331011
फैक्स नं.: 0771-4049410
ई-मेल : bm.raipur@sansad.nic.in
bm.raipur@gmail.com

क्रमांक ....6270........ /सांसद रायपुर लोकसभा/ रायपुर, दिनांक ...15/03/26...

प्रति,

मान. मुख्यमंत्री जी
छत्तीसगढ़।

विषयः–प्रदेश के शासकीय अस्पतालों एवं मेडिकल कॉलेजों में रोबोटिक सर्जरी सिस्टम की स्थापना तथा सर्जरी हेतु लंबित मरीजों की समस्या के स्थायी समाधान के संबंध में।

––00––

मान. महोदय,

विषयांतर्गत आपका ध्यान प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी एक अत्यंत महत्वपूर्ण, गंभीर एवं मानवीय संवेदना से जुड़ी समस्या की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ। छत्तीसगढ़ की बड़ी आबादी आज भी अपने उपचार के लिए शासकीय अस्पतालों और चिकित्सा महाविद्यालयों पर ही निर्भर है। गरीब, श्रमिक, किसान, निम्न एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए यही शासकीय हॉस्पिटल भी संस्थान स्वास्थ्य सेवा का प्रमुख आधार हैं। किन्तु वर्तमान समय में यह देखा जा रहा है कि प्रदेश के अधिकांश शासकीय अस्पतालों एवं मेडिकल कॉलेजों में शल्य चिकित्सा (सर्जरी) के लिए लंबित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सीमित संसाधन, विशेषज्ञ चिकित्सकों की भारी कमी तथा एक एक ऑपरेशन में लगने वाले अधिक समय के कारण मरीजों को कई–कई महीनों तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। कई बार यह प्रतीक्षा अवधि इतनी लंबी हो जाती है कि मरीज की बीमारी और अधिक जटिल हो जाती है, जिससे उपचार कठिन और महंगा हो जाता है।

एक जनप्रतिनिधि के रूप में जब मैं क्षेत्र के लोगों से मिलता हूँ, तो अनेक परिवारों की पीड़ा सामने आती है। ऑपरेशन की तारीख के लिए महीनों तक प्रतीक्षा करने की मजबूरी के कारण गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के सामने एक बड़ी दुविधा खड़ी हो जाती है। एक ओर बीमारी से जूझते हुए जीवन बिताने की मजबूरी और दूसरी ओर निजी अस्पतालों में अत्यधिक खर्च वहन करने की विवशता।

कमशः..02...

Scanned with OKEN Scanner

**बृजमोहन अग्रवाल**
सांसद,
रायपुर लोकसभा क्षेत्र
एवं पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

सत्यमेव जयते

निवास : बी-5/1, शंकर नगर, रायपुर
फोन नं. : 0771-2331070, 2331011
फैक्स नं.: 0771-4049410
ई-मेल : bm.raipur@sansad.nic.in
bm.raipur@gmail.com

रायपुर, दिनांक 15/03/26

क्रमांक 6270 / सांसद रायपुर लोकसभा /



निजी अस्पतालों में सर्जरी का खर्च इतना अधिक होता है कि एक सामान्य परिवार के लिए उसका वहन करना अत्यंत कठिन हो जाता है। कई परिवार अपनी जीवनभर की जमा पूंजी , घर ,जमीन ,जेवर सब खर्च कर देते हैं, गहने बेचने पड़ते हैं, और कई बार तो पुश्तैनी जमीन–जायदाद तक गिरवी रखनी पड़ती है। उपचार की यह आर्थिक मार केवल मरीज को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार को वर्षों तक आर्थिक संकट में डाल देती है।

यह स्थिति एक संवेदनशील एवं लोक कल्याणकारी शासन व्यवस्था के लिए निश्चित ही चिंता का विषय है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मेरा आपसे विनम्र निवेदन है कि छत्तीसगढ़ के प्रमुख शासकीय अस्पताल मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायपुर, डीकेएस सुपरस्पेलिटी हॉस्पिटल रायपुर सहित सभी चिकित्सा महाविद्यालय हॉस्पिटल में "रोबोटिक सर्जरी सिस्टम" (Robotic Surgery System) की स्थापना की दिशा में आवश्यक और त्वरित पहल की जाए। आज चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में यह तकनीक एक क्रांतिकारी परिवर्तन के रूप में सामने आई है और देश के अनेक अग्रणी चिकित्सा संस्थानों में इसका सफलतापूर्वक उपयोग किया जा रहा है।

रोबोटिक सर्जरी तकनीक के माध्यम से जटिल से जटिल ऑपरेशन अत्यंत सटीकता और कम समय में संपन्न किए जा सकते हैं। इस तकनीक के उपयोग से एक दिन में अधिक संख्या में सर्जरी संभव हो सकती हैं, जिससे शासकीय अस्पतालों में लंबित सर्जरी मामलों की संख्या में तेजी से कमी लाई जा सकती है।

**इसके अतिरिक्त इस तकनीक के कई महत्वपूर्ण लाभ हैं–**

1 रोबोटिक सर्जरी में अत्यधिक सटीकता होने के कारण ऑपरेशन अधिक सुरक्षित और सफल होते हैं।

2 इस पद्धति में मरीज के शरीर पर अत्यंत छोटा चीरा लगाया जाता है, जिससे दर्द कम होता है और घाव जल्दी भरता है।

3 मरीज को अस्पताल में कम समय तक भर्ती रहना पड़ता है, जिससे अस्पतालों में बिस्तरों की उपलब्धता बढ़ती है और अधिक मरीजों को उपचार का अवसर मिलता है।

क्रमशः03....

Scanned with OKEN Scanner

बृजमोहन अग्रवाल
सांसद,
रायपुर लोकसभा क्षेत्र
एवं पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

सत्यमेव जयते

निवास : बी-5/1, शंकर नगर, रायपुर
फोन नं. : 0771-2331070, 2331011
फैक्स नं.: 0771-4049410
ई-मेल : bm.raipur@sansad.nic.in
bm.raipur@gmail.com

क्रमांक 6270 / सांसद रायपुर लोकसभा / रायपुर, दिनांक 15/03/26



4 इस तकनीक की स्थापना से प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में अध्ययनरत भावी डॉक्टरों को अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक का प्रशिक्षण प्राप्त होगा, जिससे छत्तीसगढ़ चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में भी अग्रणी स्थान प्राप्त कर सकेगा।

5 सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस पहल के माध्यम से प्रदेश के गरीब से गरीब नागरिक को भी वही विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी, जो अभी तक केवल बड़े महानगरों के महंगे निजी अस्पतालों तक सीमित रही है।

यदि प्रदेश के प्रमुख शासकीय चिकित्सा संस्थानों विशेषकर मेडिकल कॉलेजों में चरणबद्ध तरीके से रोबोटिक सर्जरी सिस्टम स्थापित किया जाए, तो न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि प्रदेश के लाखों नागरिकों को समय पर और बेहतर उपचार मिल सकेगा।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग इस विषय की गंभीरता को समझते हुए इस दिशा में सकारात्मक और दूरदर्शी निर्णय लेगा। यह पहल निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई दिशा देने के साथ–साथ प्रदेश की जनता के जीवन में आशा और विश्वास का संचार करेगी।

सादर शुभकामनाओं सहित।

(बृजमोहन अग्रवाल)

Scanned with OKEN Scanner